डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, नटको फार्मा, वीबीएल, रॉकवेल इंडस्ट्रीज बड़े निवेश की कर रहीं तैयारी

यूपी अब फार्मा हब बनने को तैयार चार दिग्गज कंपनियां करेंगी निवेश

ग्राउंड ब्रेकिंग

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश को फार्मा हब बनाने के क्रम में यूपी में तेलंगाना की चार दिग्गज फार्मा कंपनियों ने प्रदेश में करोड़ों रुपए के निवेश की तैयारी की है। इन कंपनियों में डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, नटको फार्मा, वीबीएल व रॉकवेल इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

हैदराबाद में 18 जनवरी को आयोजित किए गए फार्मा कॉन्क्लेव के जरिए योगी सरकार ने प्रदेश को ड्रग व फार्मा मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर के तौर पर विकसित करने और बड़ा हब बनाने की अपनी मंशा जाहिर की थी। डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने यीडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के पास या नोएडा/ग्रेटर नोएडा में अन्य रणनीतिक स्थान पर एक अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने में रुचि व्यक्त की।उन्होंने ललितपुर में बल्क ड्रग पार्क व ग्रेटर नोएडा में फार्मास्युटिकल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने मेडिकल डिवाइस पार्क, नोएडा या ग्रेटर नोएडा में एक बायोटेक प्रयोगशाला में भी रुचि दिखाई है।

18 जनवरी को फार्मा कॉन्क्लेव में बड़ा हब बनाने पर हुई थी चर्चा

01 बायोटेक प्रयोगशाला भी विकसित हो सकती है नोएडा में

10 लाख करोड़ से ज्यादा की योजनाएं शुरू होंगी उत्तर प्रदेश में

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चल रही है ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी।

वीबीएल और रॉलवेल इंडस्ट्रीज ने भी जताई रुचि

वीबीएल द्वारा लगभग 10-15 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश और लगभग 5-10 एकड़ भूमि की आवश्यकता के साथ, मेडिकल डिवाइस पार्क, नोएडा या आसपास के क्षेत्र में सांप के जहर एंटीसीरम को निकालने के लिए एक अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की गई है। वहीं, रॉकवेल इंडस्ट्रीज ने नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के भीतर एक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने में अपनी रुचि व्यक्त की है।

बुंदेलखंड में 60 हजार करोड़ की योजनाएं

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में जहां पूरे प्रदेश में 10 लाख करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ होगा तो वहीं प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में भी करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। झांसी में करीब 24 हजार करोड़ का होगा निवेश होगा। ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से ज्यादा लागत के प्रोजेक्ट्स को पीएम मोदी और सीएम योगी हरी झंडी दिखाएंगे। झांसी और ललितपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रमुख जिलों में से हैं, जहां योगी सरकार नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) की शुरुआत करने जा रही है। इसके अतिरिक्त जालौन में 9290 करोड़ से ज्यादा, चित्रकूट में 7047 करोड़ रुपए से ज्यादा, महोबा में 1664 करोड़ से ज्यादा, बांदा में 596 करोड़ से ज्यादा निवेश परियोजनाएं मूर्त होंगी।